दिन— सोमवार दिनांक— 15 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधि— 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार चरम पर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज नवादा में एनडीए की जनसभा को संबोधित करेंगे।

02. महागठबंधन की ओर से तेजस्वी प्रसाद यादव औरंगाबाद, जमुई और गया में चुनावी सभाओं में लेंगे भाग।

03. राजद ने सीवान संसदीय सीट से विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को उम्मीदवार बनाया। वीआईपी ने झंझारपुर से सुमन कुमार महासेठ और एआईएमआईएम ने काराकाट से प्रियंका चौबे को बनाया प्रत्याशी।

04. और, उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ लोक आस्था का महापर्व चैती छठ संपन्न।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार तेज हो गया है। राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। पहले चरण में बिहार के चार समेत सत्रह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की एक सौ दो लोकसभा सीट पर उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज नवादा संसदीय क्षेत्र के अकबरपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा इसी संसदीय क्षेत्र के बरबीघा में रोड—शो करेंगे। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जमुई क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार लोजपा, आरके प्रत्याशी अरूण भारती के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव औरंगाबाद, गया, जमुई, बांका और खगड़िया में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्णियां और गया में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने अपने कुछ और प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। सीवान संसदीय सीट से राजद ने अवध बिहारी चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है, जिनका मुकाबला जदयू की विजय लक्ष्मी देवी से होगा। वहीं,

विकासशील इंसान पार्टी ने झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र से सुमन कुमार महासेठ को अपना प्रत्याशी बनाया है, इधर, एआईएमआईएम ने कारकाट से प्रियंका चौबे को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

———————————————————————————

राज्य के किशनगंज संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को चार अन्य सीटों पूर्णिया, भागलपुर, बांका और कटिहार के साथ मतदान होगा। अल्पसंख्यक बहुल किशनगंज लोकसभा सीट किशनगंज जिले के चार और पूर्णिया जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों से मिलकर बनी है। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण किशनगंज को उत्तर पूर्व का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है। एक रिपोर्ट......

———रिपोर्ट———

सीमांचल बिहार के किशनगंज क्षेत्र में 2019 के लोक सभा चुनाव की तरह इस बार भी कड़ा चुनावी मुकाबला होने के आसार हैं। सोलह लाख से अधिक मतदाता इस बार 12 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। कांग्रेस के मौजूदा सांसद डॉ मोहम्मद जावेद, जदयू के मुजाहिद आलम और ए आई एम आई एम के अख्तरुल ईमान मुख्य प्रत्याशी हैं। अमौर विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले ए आई एम आई एम के विधायक अख्तरुल ईमान मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। 2019 लोक सभा चुनाव में मतों के करीब करीब बराबर बराबर बंट जाने से काफी कम अंतर से जीत और हार का फैसला हुआ था और कांग्रेस अपनी सीट बचाने में सफल रही थी। 2009 से ही कांग्रेस लगातार किशनगंज का प्रतिनिधित्व कर रही है। 2019 में बिहार में 40 में से 39 सीटों पर हार का सामना करने वाला महागठबंधन केवल इसी एक सीट पर जीत हासिल कर सका था। किशनगंज का संसदीय इतिहास देखें तो पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री मोहम्मद तस्लीमुद्दीन ने इस लोक सभा सीट का तीन बार जबकि भाजपा के वरिष्ठ नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने 1999 में एक बार प्रतिनिधित्व किया है। इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बहादुरगंज, कोचाधामन, ठाकुर गंज, अमौर और बायसी विकास के पायदान पर अत्यंत पिछड़े और गरीबी वाले क्षेत्र हैं। विकास का अभाव, बुनियादी ढांचा की कमी और हर साल आने वाली बाढ की तबाही इस संसदीय क्षेत्र के प्रमुख चुनावी मुद्दे हैं। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और अवैध खर्चों पर नजर रखने के लिए निर्वाचन पदाधिकारियों को विशेष निर्देश दिया है। आयोग के अनुसार प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में कम से कम चौवन सर्विलांस टीमों का गठन करने का निर्देश दिया गया है। इस टीम में एक पदाधिकारी, एक पुलिस पदाधिकारी के साथ एक वीडियो ग्रॉफर और एक जीपीएस युक्त वाहन होगा।

———————————————————————————

भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो ने औरंगाबाद जिले में चार दिवसीय विशेष मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया है।

सारण लोकसभा सीट से महागठबंधन की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के हरिहर नाथ मंदिर में पूजा करने के दौरान पार्टी का झंडा लहराने और नारेबाजी करने पर

हरिहर नाथ थाना में अज्ञात लोगों पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है।

लोकसभा चुनाव के दौरान दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक ले जाने के लिए पटना जिला प्रशासन ने वाहनों की व्यवस्था की है।

———————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे शिवहर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

शिवहर लोकसभा क्षेत्र में छठे चरण के तहत पच्चीस मई को मतदान होगा। जिलाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि चुनाव में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार जागरूकता का कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

———बाईट———

जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है।

———बाईट———

पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

———बाईट———

इधर, चुनाव घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुट गया है। पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट———

जिले में राजनीतिक दलों का चुनाव अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

———————————————————————————

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही संपन्न हो गया। पटना के गंगा घाटों, औरंगाबाद के देव सूर्य मंदिर समेत राज्य के विभिन्न सूर्य मंदिरों में व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जगह–जगह मठ और मंदिरों की सजावट की गयी थी। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि छठ घाटों पर भीड़ समाप्त होने तक पुलिस के जवान तैनात रहे।

———————————————————————————

चैती नवरात्र के सातवें दिन आज देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। विभिन्न पूजा पंडालों में देवी प्रतिमाओं के पट लोगों के दर्शन के लिए खुल गये हैं। मान्यता है कि मां के इस स्वरूप की पूजा करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है, दुश्मनों का नाश होता है और तेज बढ़ता है।

————————————————————————————————

अमरनाथ यात्रा उनतीस जून से शुरू होगी। जिसके लिए आज से पंजीकरण शुरू हो रहा है। अमरनाथ श्राईन बोर्ड ने बताया कि यह यात्रा उन्नीस अगस्त तक चलेगी।

————————————————————————————————

चक्रवातीय संचरण के प्रभाव से राज्य के उत्तर, दक्षिण और दक्षिण–मध्य भागों के कुछ स्थानों पर अगले चौबीस घंटों के दौरान हल्की बारिश की सम्भावना है। मौसम विभाग ने इस दौरान भभुआ, औरंगाबाद, रोहतास, गया और नवादा जिले के कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

————————————————————————————————

बेगूसराय जिले के नीमाचाँदपुरा थानान्तर्गत ग्राम अझौर के भरारी चौर में एक मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने उद्‌भेदन किया है। पुलिस ने फैक्ट्री से हथियार बनाने वाले उपकरण के साथ तीन देशी पिस्तौल, दो कारतूस और पंद्रह लीटर देशी शराब के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जहानाबाद जिले के नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार कर उसके पास से दो कारतूस, चार अर्धनिर्मित पिस्तौल के साथ हथियार बनाने का सामान बरामद किया है। इधर, खगड़िया जिले में बहादुरपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पिता–पुत्र को एक राईफल, आधा दर्जन पिस्तौल और दस कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरक्षी अधीक्षक चंदन कुशवाहा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नक्सली संगठन के सक्रिय सदस्य हैं, जो लेवी वसूलने का काम करते हैं।

————————————————————————————————

बेगूसराय जिले के बिहट थाना क्षेत्र से पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीली दवाओं के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————————

शिवहर जिले के पिपराही थाना क्षेत्र में बागमती नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं, भोजपुर जिले में सोन और गंगा नदी में डूबने से एक युवती और दो युवक की मौत हो गयी। इधर, कैमूर जिले के भभुआ–भगवानपुर सड़क पर दो वाहनों की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————————

कैमूर के भभुआ मे डॉक्टर अम्बेडकर की जयंती समारोह में बिना अनुमति डीजे बजाने के आरोप में जिला प्रशासन ने डीजे संचालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीएलएड के परीक्षार्थियों को बीस अप्रैल तक अपने डमी एडमीट कार्ड में सुधार करने का मौका दिया है। समिति के अनुसार सत्ताईस फरवरी से पच्चीस माह की अवधि में ऑनलाइन माध्यम से जमा किये गये आवेदन पत्र से संबंधित डमी प्रवेश पत्र आज जारी किया जा रहा है।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी निजी कंपनी में नौकरी देने के नाम पर ठगी कर रहे थे। इनके पास से कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हवाले से लिखा है– भारत बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है।

**दैनिक जागरण** ने कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी को बड़ी खबर बनाया है– अखबार लिखता है– उत्तर–पूर्वी दिल्ली सीट से मनोज तिवारी से भिड़ेंगे कन्हैया।

**दैनिक भास्कर** ने ईरान के इजराईल के खिलाफ हमले को बड़ी खबर बनाते हुए सुर्खी दी है– ईरान का पहली बार इजराईल का हमला, दुनिया भर में चिंता।

**प्रभात खबर** ने राजभवन और शिक्षा विभाग के बीच चल रहे विवाद पर लिखा है– कुलाधिपति ने शिक्षा विभाग के एसीएस को आज बुलाया, अनुपस्थिति का भी पूछा कारण।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार चरम पर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज नवादा में एनडीए की जनसभा को संबोधित करेंगे।
02. महागठबंधन की ओर से तेजस्वी प्रसाद यादव औरंगाबाद, जमुई और गया में चुनावी सभाओं में लेंगे भाग।
03. राजद ने सीवान संसदीय सीट से विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को उम्मीदवार बनाया। वीआईपी ने झंझारपुर से सुमन कुमार महासेठ और एआईएमआईएम ने काराकाट से प्रियंका चौबे को बनाया प्रत्याशी।
04. और, उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ लोक आस्था का महापर्व चैती छठ संपन्न।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।